रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-28092024-257583
CG-DL-E-28092024-257583

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3884] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 27, 2024/आश्विन 5, 1946
No. 3884] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 27, 2024/ASVINA 5, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 सितम्बर, 2024

का.आ. 4242(अ).—संख्या का.आ. 2000 (अ), तारीख 2 मई, 2023, द्वारा प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां जनता को तारीख 3 मई, 2023 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना की बाबत व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य 7.1977 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और राजस्थान राज्य में चुरू जिले के सुजानगढ़ तहसील में स्थित है;

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य अधिसूचना संख्या एफ.7 (379) राजस्व ए/59 तारीख 19 सितम्बर, 1962 द्वारा 1962 में जंगली पशुओं और पक्षियों के संरक्षण के लिए 'रिज़र्व क्षेत्र' घोषित किया गया था। यह क्षेत्र अंतत:

राजस्थान वन अधिनियम, 1953 की धारा 20 के अधीन आदेश एफ 7 (118) राजस्व /66 तारीख 11.05.1966 द्वारा 'रिजर्व वन' अधिसूचित किया गया था और 08.09.1966 को राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित किया गया। अंतिम अधिसूचना की अवधि के दौरान खंड का कुल क्षेत्रफल 2014.25 एकड़ (815 हेक्टेयर) था और राजपत्र अधिसूचना संख्या एफ (379) राजस्व /ए/71 तारीख 13 जुलाई, 1971 द्वारा संशोधित किया गया था। 1983 में कलेक्टर चुरू के द्वारा, कुल 815 हे. क्षेत्रफल में से 96 हेक्टेयर भूमि निकटतम ग्राम के नमक खनिकों और किसानों को आबंटित की गई थी। क्रीड़ा क्षेत्र में प्रवेश नियम, 1958 के नियम 2क के अनुसार राजस्थान वन्यजीव और पक्षी संरक्षण अधिनियम, 1951 की धारा 5 के अंतर्गत रिजर्व क्षेत्र के रूप में घोषित क्षेत्र को अभयारण्य घोषित किया जा सकता है। अभयारण्य में 4500 से अधिक ब्लैकबक, चिंकारा और पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातिया है। यह क्षेत्र प्रवासी पक्षियों विषेशतौर से रेप्टर्स के लिए विख्यात है।

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पति और जीवजंतु की दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न प्रजातियों जैसे मोथा ग्रास *(साइपेरस रोटुंडुस), रेड फलारोपे (फलारोपुस फुलिकरिउस), चीनी पोंड बगुला (अरदेओला बच्चुस),* रेगिस्तानी मॉनिटर लिर्जाड (*वारानुस ग्रिसेउस), स्पाइनी टेल्ड लिर्जाड* (*यूरोमैस्टिक्स हार्डविक्की),एडोसा (एधाटोडा वासिका), लाल सट्टा (बोइरहानिया डिफ्फुसा),फोग (कल्लिगोनम* पोलीगोनोइड्स*), बान तुलसी (ओकिमुम संक्लुम), लाल-*नेक्कड फलकोन *(फलको चिक्यूइरा), लॉग्गेर फलकोन (फलको जुग्गेर), स्टोलिज्का बुशचैट (सैक्सिकोला मैक्रोरिन्चुस) को वास प्रदान करता है और क्षेत्र में स्थानिक प्रजाति* स्पॉटेड क्रीपर *(सालपोर्निस स्पिलोनोटस)* भी विद्यमान है;

और, क्षेत्र में मुख्य वनस्पति विद्यमान है जिसमें घास जैसे बौंली (*अकेशिया इएक्केर्नोन्टी*), झार बेर (*जिजिफस न्यूमुलरिया*), कैर (*कप्पारिस डेसीडुआस*), अडूसा (*अधतोदा वासिका, नीस.*), चोनलाई (*ऐमारैंथस विरिडिस*), बुई (*एरवा टोमेंटोसा, बर्म*), बुई (*एरवा जावानिका*), सत्यनाशी (*अर्केर्नोन मेक्सिका*), पालक (*बीटा वल्गारी, लिन*), लाल सत्ता (*बोरहानिया डिफ्यूसा*), बोकाना (*कोमेलिना बेंगालेंसिस*), धतूरा (*धतूरा मेटेल*), साजी (*सालसला ग्रिफिथि*), कटेली (*सोलेनर्न सुरटेन्स*), गोखरू (*ट्रिब्यू_सुरटेंस*), दुधी (*वल्लतिस सोलानेस, रोथ*), हिरन खुरी (*वट्टाकाका वोलुबिलिस*), आदि है;

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य जीवजंतु प्रजातियों जैसे ब्लैक बक (*एंटीलोप सर्विकाप्रा*), इंडियन गज़ेली (*गज़ेलिया गैजेलिया*), ब्लू बुल या नीलगाय (*बोसेलाफस ट्रैगोकैमेलस*), डेजर्ट फॉक्स (*वल्प्स वल्प्स पुसिला*), डेजर्ट कैट (*फेलिस लिबिका*), हेर डिजर्ट (*लेपस नाइग्रिकोलिस डायनस*), भारतीय साही (*हिस्ट्रिस इंडिका (केर),* भारतीय गेरबिल (*टेटेरा इंडिका*), आदि शिकारी डाइविंग बीटल (*अगाबस बाइकलर*), रिफ़ल बीटल (*एल्मिडे*), मार्श बीटल (*प्रियोनोसाइफ़ोन लिम्बटा*), डंग बीटल (*फेनियस विन्डेक्स मैकलाचलन*), टॉयलेट बीटल (*वर्जीनिया स्कॉफ्ड*), हनी मधुमक्खी (*एपिस मेलिफ़ेरा*), मड वास्प (*मड डाउबर*), स्फिंक्स मॉथ (*स्फिंगिडे*), भारतीय कोबरा (*नाजा नाजा*), रसेल वाइपर (*विपेरा रसेली*), सॉ-सेल वाइपर (*एचिस कैरिनाटा*), जॉन अर्थ बोआ (*एरीक्स जॉनी*), स्पाइनी टेल्ड छिपकली (*यूरोमास्टिक्स हार्डविकी*), धमन या रैट स्नेक (*पाइटस म्यूकोसस*), ब्रूक्स गेको (*हेमिडैक्टाइलस ब्रूकी*), हाउस गेको (*हेमिडैक्टाइलस फ्लेविविरिडिस*) आदि के लिए वास प्रदान करता है;

और, वन्यजीव अभयारण्य में मुख्य पक्षी प्रजातियों में डेमोइसेले क्रेन *(गरूस विरगो), सामान्य क्रेन (गरूस गरूस), बार-*हेड्डेड गूज *(एंसर इंडिकस), रूडी शेल्लडक (टैडोर्न फेर्रूगिनिया), सामान्य टैल (अनस क्रेका), ब्लैक-*शोल्र्डड काइट *(इलानस कैरूलेस), शिकारा (एक्सिपिटर बैडियस), टैनी ईगल (एक्विला रैपैक्स), लैग्गैर फाल्कन (फाल्को जुग्गेर),* रेड-हेडेड फाल्कन *(फाल्को चिक्केरा), मर्लिन (फाल्को कोलम्बेरियस), सामान्य केस्ट्रेल (फाल्को टिन्नुंकुलस), लेस्सेर केस्ट्रेल (फाल्को नौमानी), स्टेप्पे ईगल (एक्विला निपलेंसेस) ग्रेटर स्पॉटेड ईगल (क्लैंगा क्लैंगा), ईस्टर्न इंपीरियल ईगल (एक्विला हेलियाकल), स्पॉटेड ओवलेट (एथेना ब्रह्मा), यूरेशिन ईगल उल्लू (बुबो बुबो),* शॉर्ट-ईयर उल्लू *(एशियो फ्लेमियस), स्टोलिज्का* बुशचैट*(सक्सिकोला मैक्रोरिंचस), हेन हैरियर (सर्कस साइनियस), पैल्लिड हैरियर (सर्कस मैक्रोरूस), मोंटेग्यू हैरियर (सर्कस पाइगारगस), पश्चिमी मार्श हैरियर (सर्कस एरूगिनोसस), साइबेरियन स्टोनचैट (सैक्सिकोला मौरस),*

रिचडर्स पिपिट (एंथुस रिचार्डी), लॉन्ग-बिल्लेड पिपिट *(एंथस सिमिलिस), टैनी पिपिट (एंथुस कैम्पेस्ट्रिस), वाटर पिपिट (एंथुस स्पिनोलेट्टा), ब्लैक ड्रोगो (डिक्रूरस मैक्रोसेर्कस), शॉर्ट*-टोड स्नेक ईगल *(क्रिकटस गैलिकस), पाइड एवोकेट (रिकुर्विरोस्ट्रा एवोसेट्टा), उत्तरी पिंटैल (अनास अकुटा), सामान्य कूट (फुलिका एट्रा), वाइट*-टेल्ड लैपविंग *(वैनेलस ल्यूकूरस), रेड*-वॉटल्ड लैपविंग *(वैनेलस इंडिकस), येलो*-वॉटल्ड लैपविंग *(वैनेल्लुस मालाबरिकस), सोशेबल लैपविंग (वेनेल्लुस ग्रेगेरियस), लिटिल ग्रेबे(टैचीबैप्टस रूफिकोल्लिस), ब्लैक*-विंगेड स्टिल्ट *(हिमांटोपुस हिमांटोपुस), ग्रे फ्रेंकोलिन (फरांकोलिनस पोंडिकेरिअनस), रूफ्फ (फिलोमाचुस पुगनाक्स), गडवाल (अनास स्ट्रेपेरा), यूरेशियन विजोन (मारेका पेनेलोपे), चेस्नट*-बेल्लिड सैंड ग्राउज *(पटेरोक्लेस एक्सस्टस)* आदि विद्यमान है; (तालछापर वन्यजीव अभयारण्य में अभिलेखित पक्षियों का विवरण परिशिष्ट VI पर दिया गया है।)

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य में तितली**,** कीडे**-**मकोड़ों और सरीसृपों की महत्वपूर्ण प्रजातियां वाटर स्केवेंजर बीटल *(हाइड्रोफिलिडे), प्रेडाशियस डाइविंग बीटल (एगबस बाइकलर),* रिफ्फ्ले *बीटल (इलमिडे), मार्श बीटल (प्रयोनोसाइफन लिम्बाटा), बैकस्विम्मर (नोटोनेक्टिडे), वाटर बोटमैन (कोरिक्सडे), वाटर स्ट्राइडर (गेर्रिडे), वाटर* स्कोर्पियन (नेपिडए), बटरफ्लाईज़ *(रहोपालोकेरा), स्टिक* इंसेक्ट *(फस्मेटोडिया),* प्रेयिंग मंटिस (मंटोडिया*), ग्रासहोप्पेर (कैलीफेरा), लोकुस्ट (डिसएमबीगुएशन), क्रिकेट (ग्रिलिडे), मेटेल्लिक बीटल (बुप्रेस्टडे), डंग बीटल (फेनेयस विंडक्स मैकलाचलान), टॉयलेट बीटल (विरगिनिया स्कोफ्फेड), हनी बी (एपिस मेल्लिफेरा), वासप (वेस्पुला वुलगारिस),* क्सिलोकप्पा *(कारपेंटर बी), सैंड वासप (बेम्बिकिनि), मडवासप (मड दुबेर),* सिर्फिक्समोथ *(स्फिंगिआडिया), फायरफ्लाई (*लाम्पीरिदै*), किकिदा (किकादीदाइ), टर्मिट (*ईसोप्टेरा*),* कॉक्रोच *(बलाट्टेल्ला असाहिनाई), ब्लिस्टेर बीटल (मेलोआडिया), पेंटाटोमिड बग (पेंटाटोमाईडे), ब्यूप्रेस्टिड बीटल (बप्रेस्टिडे),* मॉनिटर लिर्जाड *(वारानस ग्रिसेउस डासुदीन), पायथन (केनस पायथन),* स्टार्रड कछुआ *(गेओचालोने इलेगानस), भारतीय कोबरा (नाजा नाजा), सामान्य भारतीय करैत (बुंगारूस कैरूलेउस), रूस्सेल विपेर(विपेरा रूस्सेल्ली), साव*-सील्ड विपर *(इचिस करिनाटा), जोहन अर्थ बोआ (*एरिक्स जोहनी*), स्पिनी टैलेड लिर्जाड (*उरोमस्टिक्स हार्डविकी*), धामन या रेट स्नेक (पतयस मुकोसुस), ब्रुक्स गेक्को (हेमिडाक्लुस ब्रुरोकी), हाउस गेक्को (*हेमिडेक्टीलुस *फ्लाविविरीडिस), सामान्य ग्रार्डन लिर्जाड (कलोटेस वेरसिकोलोर), सामान्य स्किंक (माबुया कैरिनाटा)* आदि विद्यमान है;

और, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के संरक्षित क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण), 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान राज्य में ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर तक विस्तारित क्षेत्र को ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य, पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं.-** (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर 1.0किलोमीटर से 3.4 किलोमीटर तक विस्तृत है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 22.45 वर्ग किलोमीटर है।

विभिन्न दिशाओं में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नीचे दिया गया है:-

दिशा	विस्तार
उत्तर	1.0 किलोमीटर
उत्तर-पूर्व	2.9 किलोमीटर
पूर्व	1.0 किलोमीटर
दक्षिण-पूर्व	1.0 किलोमीटर
दक्षिण	3.4 किलोमीटर
दक्षिण-पश्चिम	1.2 किलोमीटर
पश्चिम	1.6 किलोमीटर
उत्तर-पश्चिम	1.3 किलोमीटर

(2) ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध**-I में दिया गया है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची उपाबंध-II के रुप में संलग्न है।

(4) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मानचित्र **उपाबंध–IIIक**, **उपाबंध–IIIख**, **उपाबंध–IIIग**, **उपाबंध–IIIघ**, **उपाबंध–IIIङ** और **उपाबंध–IIIच** के रूप में संलग्न है।

(5) ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू- निर्देशांक **उपाबंध-IVक** और **उपाबंध-IVख** में दिए गए है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर और स्थानीय लोगों के परामर्श से तथा इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों की पुष्टि करते हुए, आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार और केंद्रीय और राज्य की सुसंगत विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, यदि कोई हो, के अनुरूप तैयार की जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को एकीकृत करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार की जाएगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन एवं वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण;

IndiaCode

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग;

(xii) राजमार्ग; और

(xiii) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(4) आंचलिक महायोजना में विद्यमान अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं होगा जब तक कि ऐसा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हें अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित क्षेत्रों के प्रत्यावर्तन, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों और सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा। योजना को विद्यमान और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा दिया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा 4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित उपबंधों क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा और इसमें स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-टर्मिनस होगी।

(9) इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को पूरा करने के लिए इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना, मानीटरी समिति के लिए एक निर्देश दस्तावेज होगी।

(10) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना तैयार होने तक, सभी नए निर्माण और अन्य विकासात्मक क्रियाकलापों को मानीटरी समिति को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए क्षेत्रों के रुप में उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर इस खंड (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के यथा लागू अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा, जैसे-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और मजबूत करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) अवसंरचनात्मक और नागरिक सुविधाओं का निर्माण और नवीनीकरण;

IndiaCode

(iii) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं समर्थित पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि राज्य सरकार के क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि की अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी शामिल है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में पाई गई कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार अभिप्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित की जाएगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

परंतु यह भी कि त्रुटि के संशोधन में इस उप-पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(ख) वनरोपण और पर्यावरण पुनः बहाली क्रियाकलापों के माध्यम से अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय.**- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और नवीनीकरण की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध किया जा सके जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हों।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी-पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर पर्यटन से संबंधित विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार या सभी नये पारिस्थितिकी-पर्यटन क्रियाकलाप पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पारिस्थितिकी-पर्यटन महायोजना, राज्य के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से राज्य पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी-पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (समय-समय पर यथा संशोधित) द्वारा जारी पारिस्थितिकी-पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा;

(ii) आंचलिक महायोजना तैयार होने और अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों, जैसे कि जीन पूल आरक्षित क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी परिरक्षण और संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी जो आंचलिक महायोजना का भाग होगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए एक विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय समय पर यथासंशोधित अधिसूचना के द्वारा प्रकाशित, ध्वनि पर्दूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम, 2000, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, के द्वारा प्रकाशित वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14), तथा पर्यावरण अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, जल प्रदूषण) निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का (6 तथा पर्यावरण अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों, के उपबंधों में बदलाव समय समय पर किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-.** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंध निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिस्त, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक सामग्री को पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थलों पर पर्यावरण की दृष्टि से स्वीकार्य रीति से निपटाया जा सकता है ।

(ख) सुरक्षित और पर्यावरणीय ठोस अपशिष्ट के निपटान का प्रबंधन पुराने नियमों के अनुसार चिन्हित उपकरणों के माध्यम से पारिस्थितिकी संवेदी जोन मे किया जा सकता है ।

(10) **जैव-चिकित्सा अपशिष्ट:-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान और प्रबंध निम्नानुसार किया जा

(क) जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) सुरक्षित और पर्यावरणीय जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान का प्रबंधन पुराने नियमों के अनुसार चिन्हित उपकरणों के माध्यम से पारिस्थितिकी संवेदी जोन मे किया जा सकता है ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंध -.**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंध, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना के अधीन ,प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंध**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंध, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना के अधीन प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंध, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा, समय-समय पर यथा संशोधित, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **वाहन-यातायात.-** वाहन-यातायात को पर्यावास-अनुकूल रीति से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने तक और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और तद्धीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन वाहन-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण लागू विधियों के अनुपालना में होगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे जैसे प्राकृतिक गैस इत्यादि ।

(16) औद्योगिक ईकाईयां:-(i) राजपत्र गजट में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से या उसके पश्चात्, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) फरवरी 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केवल गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुमति दी जाएगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, और इसके अतिरिक्त गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा ।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को ईंगित किया जाएगा जहां किसी भी निर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तद्धीन अधीन बने नियमों, जिसमें तटीय विनियमन जोन और भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 के पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना अन्य लागू विधियां भी हैं, जो समय समय पर यथा संशोधित। नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका रिट याचिका (सी) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय आदेश और 2012 की रिट याचिका डब्लू.पी (सी) सं. 435 के 2012 और आई.ए. संख्या 1000 के 2003 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 03.06.2022 के आदेश के अनुसरण में होगा और इसी

		क्रम में 26.04.2024 और 28.04.2024 का आदेश 2022, आई.ए. संख्या 131377 का अनुसरण होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योगों और विद्यमान प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी: परन्तु, कि गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को फरवरी 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	मुख्य जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	प्रतिषिद्ध ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	प्रतिषिद्ध।
6.	ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के लिए ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और सामान्य भस्मीकरण सुवउढ़ की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और ठोस अपशिष्ट उपचार/प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं है। आगे औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिस्थान/ अस्पताल आदि से उत्पन्न किसी भी प्रकार के ठोस अपशिष्ट के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत भस्मक सुविधा की स्थापना प्रतिषिद्ध है।
7.	फार्मों ,कॉर्पोरेट और कॉम्पनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा ओर कुक्कुट फॉर्मों की स्थापना	प्रतिषिद्ध ।
8.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
ख.विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परन्तु यह, कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों की अनुरुपता से इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार होगा।

11.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(अ)संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परन्तु यह, कि स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में वर्णित क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी: परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, (ब) महा योजना के एक किलो मीटर के दायरे के आगे लागू किया जाएगा।
12.	लघु पैमाने के गैर-प्रदूषणकारी उद्योग।	फरवरी 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और गैर-परिसंकटमय, लघु-स्तरीय और सेवा उद्योग, कृषि, फूलों की खेती, बागवानी या कृषि-आधारित उद्योग जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में स्वदेशी सामग्री से उत्पाद तैयार करते हैं, को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी जाएगी और समय समय पर यथा संभव।
13.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या तद्धीन अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे।
15.	विद्युत और संचार टावरों का खड़ा किया जाना और केबल बिछाना और अन्य अवसंरचनाएं।	लागू विधियों के अधीन विनियमित (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जा सकता है)।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित अवसंरचना।	लागू विधियों, नियमों एवं विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन संबंधी उपाय करना।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	लागू विधियों, नियमों एवं विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन संबंधी उपाय करना।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलापों जैसे गर्म हवा के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे।

	ऊपर उड़ान भरना।	
19.	पहाड़ी ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
21.	डेयरी, डेयरी फार्मिंग, एक्वाकल्चर और मत्स्य पालन के साथ-साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाएं।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अनुसार अनुमति दी गई है।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित उपशिष्ट जल और बहिस्र्राव का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल या बहिस्रावों को जल निकायों में जाने से रोका जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल या बहिस्राव के निर्वहन को लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भू-जल का वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
24.	खुले कुओं ओर बोर बेल का कृषि व अन्य कार्यों के लिए प्रयोग ।	संचालित संस्था को कड़ाई से पालन करने के निर्देशित।
25.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
26.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	पारिस्थितिकी-पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
28.	पॉलिथीन की थैलियों का प्रयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
29.	वाणिज्यिक साइन बोर्डस और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
ग.संवर्धित क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	कुटीर उद्योग सहित ग्रामीण कारीगर आदि।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि-वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	बागवानी के वृक्षारोपण और हर्बल्स।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	बंजर भूमि की बहाली या वन या आवास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

38.	पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरूकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5.निगरानी समिति.- केंद्रीय सरकार, द्वारा गठित निगरानी समिति के नाम से ज्ञात, एक समिति होगी, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :-

(i)	जिला कलेक्टर, चुरू	अध्यक्ष, पदेन;
(ii)	वन्यजीव संरक्षण (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि राज्य सरकार द्वारा समय समय प्रत्येक 3 वर्ष के लिए नामित किया जाएगा।	गैर सरकारी सदस्य;
(iii)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ राज्य सरकार द्वारा समय समय प्रत्येक 3 वर्ष के लिए नामित किया जाएगा।	सदस्य;
(iv)	जैव विविधता में एक विशेषज्ञ किसी संस्था या राज्य विश्वविद्यालय से राज्य सरकार द्वारा समय समय प्रत्येक 3 वर्ष के लिए नामित किया जाएगा।	सदस्य;
(v)	लोक निर्माण विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
(vi)	नगर नियोजन विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
(vii)	उद्योग विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;;
(viii)	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी	सदस्य, पदेन;;
(ix)	वन्यजीव वार्डन, चुरू	सदस्य, पदेन;;
(x)	रेंज वन अधिकारी, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य	सदस्य, पदेन;;
(xi)	सहायक वन संरक्षक, ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य	सदस्य, पदेन;;
(xii)	उप वन संरक्षक, चुरू	सदस्य सचिव, पदेन;

6.निगरानी समिति के कार्य.-(1) निगरानी समिति, वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट स्थितियों के आधार पर उन क्रियाकलापों की समीक्षा करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का .आ.1553 (अ) ,तारीख 14 सितंबर, 2006, और पर्यावरण, वन मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट करके और उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं और यथा स्थिति , जलवायु ,परिवर्तन या राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी के लिए होंगे।

(2) भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में न आने वाले क्रियाकलाप और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, निगरानी समिति द्वारा वास्तविक साइट-विनिर्दिष्ट की स्थितियों के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट की जाएगी।

IndiaCode

(3) निगरानी समिति के सदस्यसचिव या कलेक्टर या उप वन संरक्षक-, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होंगे।

(4) निगरानी समिति संबंधित विभागों से प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, उद्योग संगमों के प्रतिनिधियों या पणधारियों को अपने विचार विमर्श में सहायता के लिए-आवश्यकता अनुसार प्रत्येक मामले के आधार पर आमंत्रित कर सकती है।

(5) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक इस अधिसूचना के संलग्न **उपाबंध-V** में विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में राज्य के मुख्य वन्य जीव संरक्षक प्रस्तुत करेगी।

(6) केन्द्रीय सरकार निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए, जो वह उचित समझे ऐसे निदेश लिखित में दे सकेगी ।

7. अतिरिक्त उपाय:- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार निर्दिष्ट कर सकेगी । ,

उपाबंध -I

ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पूर्वी सीमा: रेलवे स्टेशन छापर से उस बिंदु तक किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे जहां देवानी-गुलेरियन की सीमा राजस्व ग्राम राजमार्ग को अलग करती है, रामपुर ग्राम को छोड़कर देवनी छापर रोड और मेगा हाईवे के जंक्शन तक जहाँ यह अभयारण्य से 01 किमी से कम की दूरी पर है, यह रामपुर ग्राम के खेतों से होकर गुजरता है।

दक्षिणी सीमा: मेगा हाईवे से उस बिंदु तक देवानी –गुलेरियन और सूरवास- गुलेरियन ग्रामों की राजस्व ग्राम सीमा तक है जहां सूरवास-सुजागढ़ कट्टानी रास्ता के राजस्व सीमा को अलग करती है; और, सूरवास-सुजानगढ़ कट्टानी रास्ता सूरवास ग्राम में उसके आरंभ स्थान तक जाती है।

पश्चिमी सीमा: चडवास-बीदासर सड़क पर ग्राम सूरवास अभयारण्य की सीमा से 1 किमी की दूरी पर छापर शहर तक चरवास और छापर के कृषि क्षेत्रों से गुजरते हुए पहले सड़क वक्र तक जाती है।

उत्तरी सीमा: चरवास ग्राम की सीमा से छापर शहर तक (अभयारण्य से **1** किमी की दूरी पर) जाती है। ।

पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सम्मिलित भूमि के भूमि उपयोग पैटर्न

1. रिजर्व वन:- 719 हेक्टेयर अधिसूचित और ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के रूप में प्रबंधित किया जा रहा है।

2. वन भूमि:–अभयारण्य की पश्चिम सीमा के समीपवर्ती **78** हेक्टेयर भूमि।

3. साल्ट पैन:- अभयारण्य की पश्चिम सीमा के समीपवर्ती 450 हेक्टेयर, जो औद्योगिक विभाग के नियंत्रण के अधीन प्रबंधित किया जा रहा है;

4. निजी कृषि भूमि, राजस्व भूमि, स्कूल, गांधीसागर, रॉयल कोठी और अलग-अलग आवास आदि:- लगभग 1710 हेक्टेयर।

5. अभयारण्य के पूर्व:- गौशाला छापर, लगभग **300** हेक्टेयर

उपाबंध-II

भूनिर्देशांक सहित पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम- अथवा कस्बों की सूची


पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र में आने वाले ग्राम अथवा कस्बों की प्रमुख सीमाओं के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	जिला/प्रभाग	तहसील	ग्राम/कस्बों का नाम	अक्षांश	देशांतर
i.	चुरू	सुजानगढ़	चाड़वास	27° 48' 02.1" उ	74° 24' 35.3" पू
ii.	चुरू	सुजानगढ़	देवानी	27° 47' 29.4" उ	74° 27' 16.8" पू

iii.	चुरू	सुजानगढ़	रामपुर	27° 48' 00.8" उ	74° 27' 39.5" पू
iv.	चुरू	सुजानगढ़	सूरवास	27° 46' 22.7" उ	74° 25' 31.0" पू
v.	चुरू	सुजानगढ़	छापर	27° 48' 39.9" उ	74° 26' 14.0" पू

उपाबंध –III क


ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्तिथिक संवेदी जोन का अवस्थिति मानचित्र



उपाबंध – IIIख

संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का डिजिटल मानचित्र

भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) की टोपोशीट पर ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्तिथिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध – IIIग

भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) की टोपोशीट पर ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्तिथिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध – III घ

ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्तिथिकी संवेदी जोन का भूमि उपयोग मानचित्र




उपाबंध–IIIङ

ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्तिथिकी संवेदी जोन का भूमि उपयोग मानचित्र



उपाबंध – IIIच

ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्तिथिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध- IVक

मानचित्र पर दिखाए गए संरक्षित क्षेत्र के ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा सहित प्रमुख स्थानों का अक्षांश-देशांतर

ताल छापर अभयारण्य के निर्देशांक		
क्र.स.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	27° 47' 46.364" उ	74° 26' 42.976" पू
2	27° 48' 13.134" उ	74° 27' 19.017" पू
3	27° 48' 6.658" उ	74° 27' 28.083" पू
4	27° 47' 57.822" उ	74° 27' 27.040" पू
5	27° 47' 49.529" उ	74° 27' 14.005" पू
6	27° 47' 43.372" उ	74° 27' 20.818" पू
7	27° 47' 25.117" उ	74° 27' 1.150" पू
8	27° 47' 7.643" उ	74° 26' 37.775" पू
9	27° 46' 49.126" उ	74° 26' 7.571" पू
10	27° 47' 11.170" उ	74° 25' 44.333" पू
11	27° 47' 31.583" उ	74° 25' 18.082" पू
12	27° 47' 58.136" उ	74° 24' 43.803" पू

13	27° 48' 13.859" उ	74° 25' 10.052" पू
14	27° 48' 21.126" उ	74° 25' 34.249" पू
15	27° 48' 32.853" उ	74° 26' 2.538" पू
16	27° 48' 37.637" उ	74° 26' 1.248" पू
17	27° 48' 39.417" उ	74° 26' 6.195" पू
18	27° 48' 35.721" उ	74° 26' 7.382" पू
19	27° 48' 33.792" उ	74° 26' 28.007" पू
20	27° 48' 8.869" उ	74° 26' 31.885" पू
21	27° 48' 9.126" उ	74° 26' 34.906" पू

उपाबंध –IVख

ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य विस्तृत पारिस्थितिकी संवेदी जोन जीएस.पी. बिंदु

ताल छापर अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन के निर्देशांक		
क्र.स.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	27° 47' 35.288" उ	74° 27' 58.869" पू
2	27° 47' 5.415" उ	74° 27' 33.265" पू
3	27° 46' 46.702" उ	74° 27' 9.180" पू
4	27° 46' 30.373" उ	74° 27' 3.149" पू
5	27° 45' 50.611" उ	74° 27' 14.766" पू
6	27° 45' 36.822" उ	74° 27' 11.523" पू
7	27° 45' 22.500" उ	74° 27' 16.240" पू
8	27° 45' 17.554" उ	74° 26' 51.515" पू
9	27° 45' 5.244" उ	74° 26' 43.456" पू
10	27° 45' 11.273" उ	74° 26' 33.622" पू
11	27° 46' 0.674" उ	74° 25' 55.026" पू
12	27° 46' 19.770" उ	74° 25' 30.726" पू
13	27° 46' 30.178" उ	74° 25' 25.104" पू
14	27° 46' 30.059" उ	74° 25' 3.672" पू
15	27° 46' 15.455" उ	74° 24' 32.923" पू
16	27° 46' 39.236" उ	74° 24' 20.453" पू
17	27° 46' 53.955" उ	74° 24' 15.757" पू
18	27° 47' 11.746" उ	74° 24' 18.796" पू
19	27° 47' 8.185" उ	74° 24' 13.768" पू
20	27° 47' 46.976" उ	74° 24' 2.111" पू
21	27° 48' 8.428" उ	74° 23' 56.520" पू
22	27° 48' 36.253" उ	74° 24' 29.810" पू
23	27° 48' 57.067" उ	74° 25' 22.895" पू

IndiaCode

24	27° 49' 11.237" उ	74° 25' 47.098" पू
25	27° 49' 14.243" उ	74° 26' 7.528" पू
26	27° 49' 11.655" उ	74° 26' 36.619" पू
27	27° 48' 57.969" उ	74° 27' 9.020" पू
28	27° 49' 3.800" उ	74° 27' 57.930" पू
29	27° 49' 28.842" उ	74° 28' 59.814" पू
30	27° 49' 18.434" उ	74° 28' 39.019" पू
31	27° 48' 45.710" उ	74° 28' 8.928" पू
32	27° 48' 23.107" उ	74° 28' 3.561" पू
33	27° 48' 17.574" उ	74° 28' 10.100" पू
34	27° 48' 6.175" उ	74° 28' 11.656" पू
35	27° 47' 56.193" उ	74° 28' 9.904" पू

उपाबंध– V

की गई कार्रवाई संबंधित रिपोर्ट का प्रपत्र :-

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृतः (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें और बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें)।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रस्थिति।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निपटाए गए मामलों का सार। [ब्यौरा उपाबंध के रुप में संलग्न करें।]
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार। (ब्यौरा एक पृथक उपाबंध के रुप में संलग्न करें)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाले क्रियाकलापों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार। (ब्यौरा एक पृथक उपाबंध के रुप में संलग्न करें)।
7. पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

[फा. सं. 25/09/2019-ईएसजेड]

डॉ. सु. केरकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi,the 27th September, 2024

S.O .4242 (E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide number S.O. 2000(E), dated the 2nd May, 2023 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

IndiaCode

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 3rd May, 2023;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in respect of the said draft notification have been considered by the Central Government;

AND WHEREAS, Tal Chhapar Wildlife Sanctuary is spread over an area of 7.1977 Square Kilometers and is located in Sujangarh Tehsil of Churu District in the state of Rajasthan ;

